# छत्तीसगढ़ विधान सभा

# की

# अशोधित कार्यवाही

(अधिकृत विवरण)




**षष्ठम् विधान सभा** **पंचम सत्र**

## सोमवार, दिनांक 24 फरवरी, 2025
## (फाल्गुन 05, शक सम्वत् 1946)

**[अंक 01]**

Web copy

## विधान सभा के पदाधिकारी

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | डॉ. रमन सिंह |
| सचिव | श्री दिनेश शर्मा |

अशोधित/प्रकाशन के लिये नहीं

**माननीय राज्यपाल**

श्री रमेन डेका

**मंत्रिमण्डल के सदस्यों की सूची**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | श्री विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री | सामान्य प्रशासन, खनिज साधन, ऊर्जा, जनसम्पर्क, वाणिज्यिक कर (आबकारी), परिवहन एवं अन्य विभाग जो किसी मंत्री को आवंटित ना हो. |
| 02. | श्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री | लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य एवं नगरीय प्रशासन |
| 03. | श्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री | गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी |
| 04. | श्री रामविचार नेताम, मंत्री | आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण |
| 05. | श्री दयाल दास बघेल, मंत्री | खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण |
| 06. | श्री केदार कश्यप, मंत्री | संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता |
| 07. | श्री लखनलाल देवांगन, मंत्री | वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम |
| 08. | श्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री | लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन |
| 09. | श्री ओ. पी. चौधरी, मंत्री | वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, |
| 10. | श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, मंत्री | महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण |
| 11. | श्री टंक राम वर्मा, मंत्री | खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन |

अशोधित/प्रकाशन के लिए नहीं

**सदस्यों की वर्णात्मक सूची**
**(निर्वाचन क्षेत्र का नाम तथा क्रमांक सहित)**

**अ**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | अंबिका मरकाम, श्रीमती | 56-सिहावा (अ.ज.जा.) |
| 02. | अजय चन्द्राकर | 57-कुरूद |
| 03. | अटल श्रीवास्तव | 25-कोटा |
| 04. | अनिला भेंडिया, श्रीमती | 60-डौंडीलोहारा (अ.ज.जा.) |
| 05. | अनुज शर्मा | 47-धरसींवा |
| 06. | अमर अग्रवाल | 30-बिलासपुर |
| 07. | अरूण साव | 26-लोरमी |
| 08. | आशाराम नेताम | 81-कांकेर (अ.ज.जा.) |

**इ**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | इंद्र कुमार साहू | 53-अभनपुर |
| 02. | इंद्र साव | 46-भाटापारा |
| 03. | इन्द्रशाह मंडावी | 78-मोहला-मानपुर (अ.ज.जा.) |
| 04. | ईश्वर साहू | 68-साजा |

**उ**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | उत्तरी गनपत जांगड़े, श्रीमती | 17-सारंगढ़ (अ.जा.) |
| 02. | उद्धेश्वरी पैकरा, श्रीमती | 08-सामरी (अ.ज.जा.) |
| 03 | उमेश पटेल | 18-खरसिया |

**ओ**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | ओंकार साहू | 58-धमतरी |
| 02. | ओ.पी.चौधरी | 16-रायगढ़ |

**क**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | कवासी लखमा | 90-कोन्टा (अ.ज.जा.) |
| 02. | कविता प्राण लहरे, श्रीमती | 43-बिलाईगढ़ (अ.जा.) |

अशोधित/प्रकाशन के लिए नहीं

| | | |
|---|---|---|
| 03. | किरण देव | 86-जगदलपुर |
| 04. | कुंवर सिंह निषाद | 61-गुण्डरदेही |
| 05. | केदार कश्यप | 84-नारायणपुर (अ.ज.जा.) |

**ग**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | गजेन्द्र यादव | 64-दुर्ग शहर |
| 02. | गुरू खुशवंत साहेब | 52-आरंग (अ.जा.) |
| 03. | गोमती साय, श्रीमती | 14-पत्थलगांव (अ.ज.जा.) |

**च**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | चरणदास महंत, डॉ. | 35-सक्ती |
| 02. | चातुरी नंद, श्रीमती | 39-सराईपाली (अ.जा.) |
| 03. | चैतराम अटामी | 88-दंतेवाड़ा (अ.ज.जा.) |

**ज**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | जनक ध्रुव | 55-बिन्द्रानवागढ़ (अ.ज.जा.) |

**ट**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | टंक राम वर्मा | 45-बलौदाबाजार |

**ड**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | डोमनलाल कोर्सेवाड़ा | 67-अहिवारा (अ.जा.) |

**त**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम | 23-पाली-तानाखार (अ.ज.जा.) |

**द**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | दयाल दास बघेल | 70-नवागढ़ (अ.जा.) |
| 02. | दलेश्वर साहू | 76-डोंगरगांव |



अशोधित/प्रकाशन के लिये नहीं

| | | |
|---|---|---|
| 03. | दिलीप लहरिया | 32-मस्तूरी (अ.जा.) |
| 04. | दीपेश साहू | 69-बेमेतरा |
| 05. | देवेंद्र यादव | 65-भिलाई नगर |
| 06. | द्वारिकाधीश यादव | 41-खल्लारी |

**ध**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | धरम लाल कौशिक | 29-बिल्हा |
| 02. | धर्मजीत सिंह | 28-तखतपुर |

**न**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | नीलकंठ टेकाम | 82-केशकाल (अ.ज.जा.) |

**प**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | पुन्नूलाल मोहले | 27-मुंगेली (अ.जा.) |
| 02. | पुरन्दर मिश्रा | 50-रायपुर नगर (उत्तर) |
| 03. | प्रणव कुमार मर्पची | 24-मरवाही (अ.ज.जा.) |
| 04. | प्रबोध मिंज | 09-लुण्ड्रा (अ.ज.जा.) |
| 05. | प्रेमचंद पटेल | 22-कटघोरा |

**फ**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | फूल सिंह राठिया | 20-रामपुर (अ.ज.जा.) |

**ब**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | बघेल लखेश्वर | 85-बस्तर (अ.ज.जा.) |
| 02. | बालेश्वर साहू | 37-जैजेपुर |
| 04. | ब्यास कश्यप | 34-जांजगीर-चांपा |

**भ**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | भावना बोहरा, श्रीमती | 71-पण्डरिया |
| 02. | भूपेश बघेल | 62-पाटन |

अशोधित/प्रकाशन के लिये नहीं

| | | |
|---|---|---|
| 03. | भूलन सिंह मराबी | 04-प्रेमनगर |
| 04. | भैयालाल राजवाड़े | 03-बैकुंठपुर |
| 05. | भोला राम साहू | 77-खुज्जी |

**म**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | मोती लाल साहू | 48-रायपुर ग्रामीण |

**य**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | यशोदा नीलाम्बर वर्मा, श्रीमती | 73-खैरागढ़ |
| 02. | योगेश्वर राजू सिन्हा | 42-महासमुन्द |

**र**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | रमन सिंह, डॉ. | 75-राजनांदगांव |
| 02. | राघवेन्द्र कुमार सिंह | 33-अकलतरा |
| 03. | राजेश अग्रवाल | 10-अम्बिकापुर |
| 04. | राजेश मूणत | 49-रायपुर नगर (पश्चिम) |
| 05. | रामविचार नेताम | 07-रामानुजगंज (अ.ज.जा.) |
| 06. | रामकुमार टोप्पो | 11-सीतापुर (अ.ज.जा.) |
| 07. | रामकुमार यादव | 36-चंद्रपुर |
| 08. | रायमुनी भगत, श्रीमती | 12-जशपुर (अ.ज.जा.) |
| 09. | रिकेश सेन | 66-वैशाली नगर |
| 10. | रेणुका सिंह सरूता, श्रीमती | 01-भरतपुर-सोनहत (अ.ज.जा.) |
| 11. | रोहित साहू | 54-राजिम |

**ल**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | लक्ष्मी राजवाड़े, श्रीमती | 05- भटगांव |
| 02. | लखन लाल देवांगन | 21-कोरबा |
| 03. | लता उसेंडी, सुश्री | 83-कोण्डागांव (अ.ज.जा.) |
| 04. | ललित चन्द्राकर | 63-दुर्ग ग्रामीण |
| 05. | लालजीत सिंह राठिया | 19-धरमजयगढ़ (अ.ज.जा.) |

अशोधित/प्रकाशन के लिये नहीं

**व**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | विक्रम उसेण्डी | 79-अंतागढ़ (अ.ज.जा.) |
| 02. | विक्रम मण्डावी | 89-बीजापुर (अ.ज.जा.) |
| 03. | विजय शर्मा | 72-कवर्धा |
| 04. | विद्यावती सिदार, श्रीमती | 15-लैलूंगा (अ.ज.जा.) |
| 05. | विनायक गोयल | 87-चित्रकोट (अ.ज.जा.) |
| 06. | विष्णु देव साय | 13-कुनकुरी (अ.ज.जा.) |

**श**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | शकुन्तला सिंह पोर्ते, श्रीमती | 06-प्रतापपुर (अ.ज.जा.) |
| 02. | शेषराज हरवंश, श्रीमती | 38-पामगढ़ (अ.जा.) |
| 03. | श्याम बिहारी जायसवाल | 02-मनेन्द्रगढ़ |

**स**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | संगीता सिन्हा, श्रीमती | 59-संजारी बालोद |
| 02. | संदीप साहू | 44-कसडोल |
| 03. | संपत अग्रवाल,डॉ. | 40-बसना |
| 04. | सावित्री मनोज मण्डावी, श्रीमती | 80-भानुप्रतापपुर (अ.ज.जा.) |
| 06. | सुनील सोनी | 51-रायपुर नगर (दक्षिण) |
| 05 | सुशांत शुक्ला | 31-बेलतरा |

**ह**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | हर्षिता स्वामी बघेल, श्रीमती | 74-डोंगरगढ़ (अ.जा.) |

अशोधित/प्रकाशन के लिये नहीं

# छत्तीसगढ़ विधान सभा

सोमवार, दिनांक 24 फरवरी, 2025

(फाल्गुन-05, शक संवत् 1946)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई

**{अध्यक्ष महोदय (डॉ. रमन सिंह) पीठासीन हुए}**

**राष्ट्रगीत/राज्यगीत**

अध्यक्ष महोदय :- अब राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" तथा राज्यगीत "अरपा पइरी के धार" होगा। माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वे राष्ट्रगीत एवं राज्यगीत के लिए कृपया अपने स्थान पर खड़े हों।

**(राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" तथा राज्यगीत "अरपा पइरी के धार" का गायन किया गया)**

अध्यक्ष महोदय :- अब सदन माननीय राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा करेगा।

**(माननीय राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा की गई)**

समय :
11.06 बजे

**(माननीय राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ)**

**(राष्ट्रगान "जन गण मन" की धुन बजाई गई)**

अध्यक्ष महोदय :- अब माननीय राज्यपाल महोदय अपना अभिभाषण पढ़ेंगे।

समय :
11.08 बजे

**राज्यपाल का अभिभाषण**

माननीय राज्यपाल महोदय (श्री रमेन डेका) :- माननीय सदस्यगण, छत्तीसगढ़ विधान सभा के वर्ष 2025 में आयोजित इस प्रथम सत्र में आप सभी का हार्दिक अभिनंदन है। आप सभी को इसके लिए बहुत सारी शुभकामनाएं।

2. यह विधान सभा गणतंत्र का मंदिर है। यहां संविधान की पूजा होती है। मुझे खुशी है कि सदस्यगण अपनी पूरी क्षमता के साथ यहां अपने constitutional obligations को निभा रहे हैं। अपने क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में आम जनता की आवाज इस Forum में रख रहे हैं।

अशोधित/प्रकाशन के लिए नहीं

3. विकसित देशों की सूची में शामिल होने, भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत के अनुरूप विकसित Chhattisgarh तैयार करने मेरी सरकार कड़ी मेहनत कर रही है। (मेजों की थपथपाहट) इस लक्ष्य को प्राप्त करने मेरी सरकार ने Public representatives, experts तथा आम जनता का Feedback लेकर economic-social-cultural development के लिए बारीकी से रणनीति तैयार की है और इस पर अमल कर रही है।

4. यह वर्ष Chhattisgarh राज्य स्थापना का Silver Jubilee Year है। यह हमारी विधान सभा का भी Silver Jubilee Year है। (मेजों की थपथपाहट) Chhattisgarh में विकास की बुनियाद को मजबूत करने Chhattisgarh Assembly का हिस्सा रहे सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान है। सुखद संयोग यह है कि Chhattisgarh राज्य के निर्माता Bharat Ratna Former Prime Minister Late Shri Atal Bihari Vajpayee का भी यह birth centenary वर्ष है। मेरी सरकार इसे अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। इन 25 सालों में Chhattisgarh में विकास की जो भव्य इमारतें खड़ी हुई हैं, उनमें Former Prime Minister Bharat Ratna Respected Late Shri Atal Bihari VajpayeeJi तथा यशस्वी Prime Minister Shri Narendra Modiji का मार्गदर्शन और सोच नजर आती है। (मेजों की थपथपाहट) मेरी सरकार इसे अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। इन 25 सालों में Chhattisgarh में विकास की जो भव्य इमारतें खड़ी हुई है, उनमें Former Prime Minister Bharat Ratna Respected Late Shri Atal Bihari Vajpayeeji तथा यशस्वी Prime Minister Shri Narendra Modiji का मार्गदर्शन और सोच नजर आती है। (मेजों की थपथपाहट)

5. अटल जी ने Chhattisgarh का निर्माण किया। बीते 25 वर्षों में Chhattisgarh में Human resources and infrastructure development के बड़े कार्य हुए हैं। कुछ साल की बाधा और कमजोर प्रगति के बाद यह विकास प्रक्रिया पुनः तेज हुई। मेरी सरकार ने pending projects को पुनः आरंभ कराया और सुस्त पड़ गई प्रदेश की economy में पुनः संजीवनी देने का कार्य किया।

6. मेरी सरकार ने एक वर्ष पूरे कर लिये हैं। मेरी सरकार ने इस मौके को जनादेश परब के रूप में मनाया और जनता को अपने साल भर के काम का लेखा-जोखा दिया (मेजों की थपथपाहट) । मेरी सरकार विकसित Chhattisgarh के निर्माण का संकल्प लेकर काम कर रही है। इसे पूरा करने हर साल किये गये प्रयासों का जनादेश परब के मौके पर लेखा-जोखा मेरी सरकार प्रस्तुत करेगी। लोकतंत्र की जड़ों की मजबूती जनता से निरंतर संवाद पर निर्भर करती है। जनता के प्रति अपनी जवाबदेही की इसी भावना को मूर्त रूप देने यह नई लोकतांत्रिक परंपरा आरंभ की गई है।

7. urban bodies में अब नई निर्वाचित सरकार चुनी गई है। अब प्रदेश को triple engine की सरकार मिल गई है। केंद्र, राज्य तथा स्थानीय निकायों में बेहतर समन्वय होने से निश्चित ही बेहतर

परिणाम देखने को मिलेगे। स्वाभाविक रूप से इससे प्रदेश के विकास की गति तीव्र होगी। (मेजो की थपथपाहट)

8. मेरी सरकार ने नगरीय निकायों में mayor और president के लिए प्रत्यक्ष निर्वाचन की परंपरा पुनः आरंभ की। इसके चलते जनता को mayor के लिए अपने प्रतिनिधियों के प्रत्यक्ष निर्वाचन का पुनः अधिकार मिला। लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने की दिशा में यह कदम प्रभावी साबित हुआ है। (मेजो की थपथपाहट)

9. मेरी सरकार ने इस अवधि में पूरी Sensitivity के साथ हर वर्ग के विकास के लिए beneficial decision लिये है। इन निर्णयों से किसान भाइयों के चेहरों पर खुशी और उत्साह नजर आता है। माताओं-बहनों में भरपूर उत्साह है। corruption free प्रतियोगी परीक्षाएँ आयोजित होने और startup के प्रति बेहतर ecosystem create होने से युवा वर्ग भरपूर ऊर्जा से भरा हुआ है। tribal संग्राहकों को वनोपज के अच्छे दाम मिल रहे हैं। हमारे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा तेजी से लिए गये Action and Area Domination की वजह से आज Naxalism Bastar में आखिरी साँसे ले रहा है। सरकार की Digital Governance in Practice को अपनाकर मेरी सरकार ने transparency ensure की है। (मेजो की थपथपाहट)

10. मेरी सरकार की top priority किसानों का संतोष है। इस खरीफ वर्ष में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 52 thousand crore rupees से अधिक की राशि किसानों के खाते में अंतरित की गई। इसके साथ ही मेरी सरकार ने बीते 14 महीने में लगभग 1 lakh crore rupees की राशि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसानों के खाते में अंतरित की है। मेरी सरकार ने किसानों से किये गये वायदे के अनुरूप 3100 रुपए प्रति Quintal की दर से तथा 21 Quintal प्रति एकड़ धान खरीदी की। मेरी सरकार की प्रोत्साहक नीतियों के चलते इस साल धान खरीदी ने record figure touch कर लिया। 25 lakh 49 thousand किसानों से 149 lakh 25 thousand Metric Ton धान खरीदा गया। landless agricultural workers के लिए मेरी सरकार ने 'Deendayal Upadhyay Landless Agricultural Laborers Welfare Scheme' आरंभ की है। इस वर्ष 5 lakh, 62 thousand landless farmers को 10-10 हजार रूपए की राशि दी गई है । Prime Minister Kisan Samman Nidhi से 24 lakh 31 thousand 993 farmers benefited हो रहे हैं। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि मेरी सरकार की किसान हितैषी नीतियों के चलते राज्य में किसानों की संख्या बढ़ी है। इसी के चलते प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की प्राथमिकता श्रेणी में राज्य के लाभान्वित होने वाले किसानों की संख्या अब बढ़कर 25 lakh, 9 thousand 514 हो गई है। इस तरह से 77 thousand 500 से अधिक नये किसान योजना से लाभान्वित होने के दायरे में आए हैं।

11. मेरी सरकार खेती-किसानी को hi-tech करने की दिशा में कार्य कर रही है। फसल का उचित दाम मिलने से किसान भाइयों को पर्याप्त बचत हो रही है। मेरी सरकार के प्रोत्साहन और अपनी बचत के चलते किसान भाई तेजी से agricultural machinery की खरीदी कर रहे हैं। इस बार record संख्या में Tractor की बिक्री हुई है।

12. मेरी सरकार climate change से जुड़ी चुनौतियों को समझती है। इसके अनुरूप खेती-किसानी को सहेजने ऐसे बीज तैयार किये जा रहे हैं, जो मौसम की मार झेल सकें, अधिक Production कर सकें। जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए मेरी सरकार Committed है। मेरी सरकार ने जैविक खेती मिशन अंतर्गत अब तक 22 thousand 180 hectare area का जैविक GPS प्रमाणीकरण कर 39 thousand 950 किसानों को लाभान्वित किया है। मेरी सरकार फसल diversification को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य कर रही है।

13. Chhattisgarh शक्तिपूजा का केंद्र है। मेरी सरकार माताओं-बहनों के empowerment के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए महीने की पहली तारीख को 'Mahtari Vandan Yojana' की One thousand रुपए की राशि 69 Lakh 54 thousand माताओं-बहनों के खाते में दी जाती है। (मेजों की थपथपाहट) इन माताओं-बहनों के लिए One thousand रुपए की राशि बहुत मायने रखती है। माताएं-बहनें इससे अपने लिए और बच्चों के लिए छोटी-छोटी खुशियां खरीदती हैं। उनके लिए अच्छी शिक्षा का इंतजाम करती हैं। इलाज के लिए दवा खरीदती हैं।

14. 'Mahtari Vandan Yojana' की इस राशि का उपयोग वे बचत के लिए भी कर रही हैं। बड़े पैमाने में post office में माताओं-बहनों ने खाते खोले हैं। जब हम माताओं-बहनों को सशक्त करते हैं तो पूरा परिवार सशक्त होता है। परिवार से समाज और समाज से राष्ट्र सशक्त होता है।

15. मेरी सरकार self-help groups को आगे बढ़ाने Committed है। इन्हें आसान शर्तों पर Loan उपलब्ध कराने Chhattisgarh महिला कोष से अब तक 42 thousand 258 groups को 122 Crore रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। वर्ष 2024-25 में 220 groups को 2 Crore 69 Lakh रुपए का Loan वितरित किया गया है। (मेजों की थपथपाहट)

16. Self-help groups को आगे बढ़ाने से प्रदेश की economy भी तेजी से सशक्त हो रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में SRLM अंतर्गत 68 thousand से अधिक self-help groups को 1108 crore रूपए का loan बैंकों के माध्यम से वितरित किया गया है। इसके साथ ही समुदाय आधारित sustainable agriculture से 11 lakh 62 thousand महिलाओं को जोड़ा गया है। self-help groups को आगे बढ़ाने से ग्रामीण विकास सशक्त हो रहा है इसका सीधा लाभ अर्थव्यवस्था को मिल रहा है।

17. मेरी सरकार ने ready-to-eat food के निर्माण का काम पुन: self-help groups को चरणबद्ध तरीके से सौंप रही है। (मेजों की थपथपाहट) इससे self-help groups से जुड़ी हजारों महिलाओं के जीवन में उम्मीद की रोशनी लौटी है।

18. Chhattisgarh ऐसा प्रदेश है, जहां Swami Vivekananda ने अपनी किशोरावस्था बिताई है। स्वामी जी के विचार हम सबके लिए प्रेरक हैं और हमारा मार्गदर्शन करते हैं। Swami Vivekananda कहते थे कि मुझे 100 उत्साही युवा दे दो, मैं पूरे विश्व को बदल दूँगा। मेरी सरकार ने युवाओं की energy को Positive दिशा दी है।

19. Chhattisgarh में एक ऐसा ecosystem तैयार हुआ है, जहाँ युवाओं की creative talent को बढ़ावा मिल रहा है। मेरी सरकार ने co-working Center बनाये हैं, जहां startup करने वाले युवाओं को furnished office और सभी तरह की तकनीकी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

20. मेरी सरकार Raipur-Bhilai सहित आसपास के क्षेत्रों को State Capital Region के रूप में विकसित कर यहां विश्वस्तरीय IT sector विकसित कर रही है। Nava Raipur Atal Nagar में Livelihood Center of Excellence एवं Durg जिले में Center of Entrepreneurship स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। साथ ही startup को प्रोत्साहित करने के लिए Incubation Center स्थापित किये जा रहे हैं। BPO और KPO कंपनियों को आकर्षित करने IT park की स्थापना की जा रही है। Nava Raipur में IT आधारित रोजगार सृजन के लिए plug and play model का विकास किया जा रहा है। (मेजों की थपथपाहट)

21. यशस्वी Prime Minister Shri Narendra Modiji के मार्गदर्शन में AI के क्षेत्र में देश तेजी से प्रगति कर रहा है। इसी कड़ी में Chhattisgarh के युवाओं को AI से जोड़ने में मेरी सरकार अग्रणी भूमिका निभा रही है। Atal Nagar Nava Raipur में 14 acre में data center बनाया जा रहा है। इससे बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। इसके साथ ही मेरी सरकार Atal Nagar Nava Raipur में pharmaceutical hub भी बना रही है। (मेजों की थपथपाहट)

22. यशस्वी Prime Minister Shri Narendra Modiji के नेतृत्व में बीते एक दशक में Chhattisgarh में तेजी से infrastructure development हुआ है। रेलवे Network का विस्तार हुआ है। प्रदेश में 26 projects के माध्यम से 2768 kilometer नई रेल पटरियां बिछाई गई हैं। इन projects की लागत 38 thousand 378 crore रूपए है। प्रदेश में 1 thousand 672 crore रूपए की लागत से Raipur, Bilaspur, Durg stations के redevelopment के साथ 32 अमृत रेलवे स्टेशनों का modernization भी किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 के बजट में केन्द्र सरकार द्वारा Chhattisgarh के रेल विकास के लिए 6925 crore रूपए का allotment भी किया गया है जिससे राज्य में rail network के विस्तार और modernization को बढ़ावा मिलेगा। (मेजों की थपथपाहट)

श्री भूपेश बघेल (पाटन) :- माननीय राज्यपाल महोदय, सभी यात्री ट्रेनें तो बंद हैं। इस विकास का क्या मतलब, जब सभी क्षेत्रों में हजारों की तादाद में यात्री ट्रेनें बंद हैं। आप जो पढ़ रहे हैं, वह सब हमारे कार्यकाल का है। एक महतारी वंदन योजना को छोड़ दो तो शेष बचा सब हमारे कार्यकाल का है।

माननीय राज्यपाल महोदय :-

23. Dhanbad and Visakhapatnam जैसे शहरों को जोड़ने expressway तैयार किये जा रहे हैं। Surguja, Bastar और Bilaspur में उड़ान योजना अंतर्गत विमान सेवाएं शुरू हो गई हैं। इस शानदार infrastructure से आर्थिक विकास का roadmap तैयार हुआ। (मेजों की थपथपाहट)

24. मेरी सरकार national highways का तेजी से विकास कर रही है। वर्ष 2024-25 में राज्य मद के तहत 899 kilometer सड़क निर्माण कार्य पूर्ण किये गये। केंद्रीय सड़क निधि के तहत वर्ष 2024-25 में 1204 crore रूपए के 17 कार्य स्वीकृत किये गये। Asian Development Bank द्वारा 3370 crore रूपए के 826 Kilometer सड़कें स्वीकृत की गई हैं। Chhattisgarh Road and Infrastructure Development Corporation Limited द्वारा राज्य में महत्वपूर्ण सड़कों और पुलों के लिए 5784 crore रूपए की स्वीकृति दी गई है। इनमें 451 कार्य पूर्ण कर लिये गए हैं तथा 57 कार्य प्रगति पर हैं। (मेजों की थपथपाहट)

25. Chhattisgarh खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है। Gevra and Kusmunda खदानों से 100 million tons कोयले का उत्पादन होता है जो भारत के कुल कोयला उत्पादन का 10 percentage है। coal और iron ore उत्पादक राज्यों में Chhattisgarh द्वितीय स्थान पर है। देश की जरूरत के 20 percentage सीमेंट का उत्पादन Chhattisgarh में होता है। dolomite production में Chhattisgarh देश में पहले स्थान पर है। Chhattisgarh देश का पहला राज्य है जहां lithium block का e-auction के माध्यम से allotment हुआ। (मेजों की थपथपाहट)

26. मेरी सरकार ने Chhattisgarh के खनिज संसाधनों के उचित दोहन के लिए तथा यहां industrial development की जरूरतों के अनुरूप new industrial policy लागू की है। नई policy में एक हजार से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार देने वाले enterprises को हम विशेष अनुदान दे रहे हैं। वर्ष 2070 तक मोदी जी ने शुद्ध zero carbon emission का लक्ष्य रखा है। इससे green enterprises के लिए Chhattisgarh में अच्छी संभावनाएं हैं जिन्हें हम बढ़ावा दे रहे हैं। (मेजों की थपथपाहट)

27. new industrial policy में Retired Agniveer, surrendered Naxalite और Naxalite violence प्रभावित लोगों के लिए उद्यम हेतु विशेष अनुदान की व्यवस्था की गई है। मेरी सरकार देश के प्रमुख नगरों में निवेश सम्मेलन आयोजित कर रही है जिसके माध्यम से अब तक करीब one lakh crore रूपए के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। (मेजों की थपथपाहट)

28. मेरी सरकार कारोबार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयत्नशील है। कारोबारी अपने व्यवसाय के लिए अधिक समय दें, इसके लिए हमने act में बदलाव किया है। श्रमिकों के हितों को संरक्षित करते हुए

अब दुकानें 24 घंटे सातों दिन खुली रह सकेंगी। इससे न केवल व्यवसाय बढ़ेगा, बल्कि रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। consumers को भी सुविधा होगी।

29. मेरी सरकार street vendors के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। Prime Minister street vendors आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत 31 thousand 956 आवेदनों पर 55 crore 61 lakh रूपए का loan व्यवसायों को बढ़ाने के लिए स्वीकृत किया गया है। PM विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत 18 व्यवसायों के 49 thousand से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

30. छत्तीसगढ़ की सुन्दरता अब global map में आ गई है। संयुक्त राष्ट्र पर्यटन संगठन ने Kanger Vally के Dhudmaraas गांव को Best Tourism Village के रूप में चुना है। मेरी सरकार ने देश का तीसरा सबसे बड़ा Tiger Reserve Guru Ghasidas Tamorpingla बनाया है। jashpur में विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर महादेव हैं।

31. छत्तीसगढ़ देश के सबसे सुन्दर राज्यों में से है। यहां के dense forest जलप्रपात, stalagmite की गुफाएं और सुन्दर आदिवासी संस्कृति के चलते, यहां Tourism की अपार संभावनाएं हैं। भाग-दौड़ से भरी जिन्दगी में सुकून से कुछ दिन गुजारने के लिए हर कोई Bastar अथवा Sarguja में home-stay करना चाहेगा। new industrial policy में home-stay को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान मेरी सरकार ने किए हैं। toursim sector में बढ़ रही संभावनाओं के चलते, यहां युवाओं के लिए रोजगार के विपुल अवसर उपलब्ध होंगे। शासकीय विभागों में 9 Thousand से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया मेरी सरकार ने आरंभ की है।

32. नई पीढ़ी को रोजगार के नये अवसरों के लिए तैयार करने और अपनी सांस्कृतिक जड़ो से जोड़ने मेरी सरकार ने National Education Policy को प्रदेश में लागू किया है। मेरी सरकार 18 स्थानीय भाषाओं में बच्चों को शिक्षा दे रही है। National Education Policy के तहत कक्षा पहली से कक्षा दसवीं तक की Hindi medium की पाठ्य पुस्तकों को QR code युक्त किताबों में परिवर्तित किया गया है। कक्षा पहली एवं दूसरी के लिए द्वि-भाषी पाठ्य पुस्तकें निकाली गई हैं। प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के संचालन के लिए Academic calendar का निर्माण किया गया है। 5 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए संचालित 9438 baalavaadiyon में गतिविधि पुस्तिका, अभ्यास पुस्तिका के साथ दैनिक शिक्षण योजना तैयार की गई है। खेल-खेल में बच्चों को सिखाने में 30 Thousand 522 विद्यालयों में toy kit का वितरण किया गया है।

33. प्रदेश में 341 PMShri विद्यालय आरंभ किये गये हैं। पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं पुन: आरंभ की गई है। parents teacher meeting का agenda मेरी सरकार ने व्यवस्थित किया है। आम नागरिकों को अपने जन्मदिन को न्योता भोज के रूप में बच्चों के साथ मनाने की परम्परा आरंभ करने से स्कूलों से सामुदायिक जुड़ाव बढ़ा है।

34. मेरी सरकार ने National Education Policy से Higher Education को भी जोड़ा है। इसके अन्तर्गत स्नातक पाठ्यक्रम में कौशल विकास के साथ ही मूल्यपरक शिक्षा आदि विद्यार्थियों की रूचि और रोजगार की जरूरतों के अनुरूप 44 पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। महापुरूषों की जीवनियों को भी पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है।

35. सभी नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ मेरी सरकार काम कर रही है। मेरी सरकार ने 'Ayushman Bharat' Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana, शहीद Veer Narayan Singh ayushman svasthy Yojana के माध्यम से 77 Lakh 20 Thousand परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की है।

36. मेरी सरकार 100 दिवसीय Nikshay Niramay अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत राज्य के 11 Thousand 664 gram panchayats में 2198 grams panchayat को TB free gram panchayat घोषित किया जा चुका है।

37. हमारे यशस्वी Prime Minister Shri Narendra Modi के नेतृत्व में पिछले एक दशक में चलाई जा रही केन्द्र की Flagship योजनाओं से छत्तीसगढ़ में विकास का नया सूरज उगा है। ujjwala yojana के माध्यम से 36 Lakh 76 Thousand 260 gas connection जारी किए गए हैं। लाखों महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है। Pradhan Mantri Vandan Yojana के माध्यम से 01 Lakh 90 Thousand 210 महिलाओं के खाते में 70 crore रूपये से अधिक की राशि अंतरित की गई है। (मेजों की थपथपाहट)

38. मेरी सरकार ने जरूरतमंद 68 Lakh परिवारों को पाँच साल तक मुफ्त राशन देने का निर्णय लिया। (मेजों की थपथपाहट) जल-जीवन मिशन के माध्यम से मेरी सरकार ने 40 Lakh से अधिक ग्रामीण परिवारों तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की है। मेरी सरकार ने cabinet की पहली बैठक में ही 18 Lakh प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी। (मेजों की थपथपाहट) इन आवासों का निर्माण तेजी से पूरा हो रहा है और beneficiaries को घरों की चाबी सौंपी जा रही है। राज्य में नये वित्तीय वर्ष में तीन Lakh अतिरिक्त PM Awas की स्वीकृति भी हो गई है। (मेजों की थपथपाहट) मेरी सरकार मार्च महीने तक इसके लिए survey पूरा कर लेगी। मेरी सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4 Thousand रूपए से बढ़ाकर साढ़े पाँच हजार रूपए कर दिया है। (मेजों की थपथपाहट) इससे 52 Lakh संग्राहकों को लाभ हो रहा है एवं उन्हें 855 crore रूपए संग्रहण राशि का भुगतान किया गया है।

39. महात्मा गांधी कहते थे कि स्वच्छता में भगवान का वास है। मेरी सरकार Swachh bharat Mission अभियान ग्रामीण के द्वितीय चरण के तहत् 3 lakh 88 Thousand परिवारों के घरों में शौचालय का निर्माण पूरा कर चुकी है। (मेजों की थपथपाहट) अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में 13 Thousand 115 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है। national highways के किनारे 146 शौचालयों का निर्माण किया गया है। ODF प्लस मॉडल की श्रेणी में राज्य के 4 जिले Durg, Kabirdham, Janjgir-Champa and Mohla-

Manpur-Ambagarh चौकी आ गये हैं। इस श्रेणी में अब तक 15 Thousand 816 गांव तथा 43 विकासखण्ड आ चुके हैं।

40. मेरी सरकार के लिए divyaangajano की सुविधाएं supreme Priority में हैं। सुगम्य भारत अभियान के तहत रायपुर के 42 भवनों को बाधारहित किया गया है। दिव्यांग व्यक्तियों को आश्रय प्रदान करने 11 Gharaunda केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। divyaangajano, senior citizen, third gender के लिए helpline एवं toll free number संचालित किये जा रहे हैं। सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत 22 lakh हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। नशा मुक्ति के लिए और नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने 22 जिलों में 24 नशा मुक्ति केंद्र संचालित किये जा रहे हैं। नशा मुक्ति केन्द्रों के माध्यम से वर्ष 2023-24 में 2880 नशा पीड़ित व्यक्ति लाभान्वित हुए। वरिष्ठ नागरिकों के लिए 26 जिलों में 35 वृद्धाश्रमों का संचालन किया जा रहा है।

41. छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में श्रमिकों की अहम भूमिका रही है। मेरी सरकार श्रमिकों के सरोकारों से जुड़ी हुई है। वर्ष 2024 में श्रम विभाग के अंतर्गत गठित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल तथा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल की योजनाओं के तहत 18 lakh से अधिक श्रमिकों को benefited किया गया। वर्ष 2024 में 75 Thousand से अधिक महिला श्रमिकों को मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत लाभान्वित किया गया। साथ ही 50 हजार से अधिक निर्माण श्रमिकों की बेटियों को Mukhyamantri Noni Sashaktikaran Sahayata Yojana के तहत benefited किया गया है।

42. भूमि अभिलेखों के digitalization के माध्यम से ग्रामीणों को संपत्ति का अधिकार प्रदान करने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी PM swamitva yojana लेकर आये हैं। प्रदेश के सभी आबादी गांवों में इसके अंतर्गत drone सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है एवं 1384 गांवों में 1 lakh 84 Thousand certificate वितरित किये जा चुके हैं। (मेजों की थपथपाहट)

43. solar energy को बढ़ावा देने के मेरी सरकार के प्रयासों से आजादी के 78 साल बाद पहली बार sukma जिले के Silger, Tekalguda व Puvarti जैसे अत्यंत Naxal प्रभावित रहे गांवों में solar energy के माध्यम से बिजली पहुंची है और पहली बार यहां DTH का प्रसारण हुआ है । Narayanpur जिले के Orchha vikaasakhand में Naxal Violence से प्रभावित रहे अनेक गांवों में solar high mast के माध्यम से बिजली पहुंची है । देश का पहला सबसे बड़ा battery energy storage आधारित 100 megawatt का solar energy plant Rajnandgaon जिले में स्थापित हुआ है।

44. मेरी सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना अंतर्गत वर्ष 2026-2027 तक एक लाख 30 हजार घरेलू उपभोक्ताओं की छतों पर solar energy plant स्थापित करने का लक्ष्य रखा है । अब तक 1050 roof top solar plant स्थापित किये जा चुके हैं तथा 3800 roof top plants की स्थापना प्रक्रियाधीन है । प्रदेश में

औद्योगिक और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा open access के माध्यम से 850 megawatt के solar plant स्थापित किये गये हैं ।

45. मेरी सरकार प्रदेश के वन आवरण में वृद्धि के लिये भी लगातार कार्य कर रही है । भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में 684 वर्ग किलोमीटर संयुक्त वन एवं वृक्ष आवरण की वृद्धि हुई है जो देश में सबसे ज्यादा रही है । प्रदेश में हरियाली वृद्धि के लिये एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत 3 caror 50 lakh 73 Thousand पौधों का रोपण एवं वितरण किया गया है ।

46. cyber crime इस समय की सबसे गंभीर समस्याओं में से है । मेरी सरकार इससे निपटने के लिये पुख्ता कार्य कर रही है । cyber security policy का प्रारूप तैयार कर लिया गया है । इसका उद्देश्य राज्य के digital infrastructure को संरक्षित और cyber खतरों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करना है । राज्य स्तर पर cyber भवन का निर्माण किया गया है ।

47. मेरी सरकार ने प्रदेश में naxalwad को जड़ से समाप्त करने की दिशा में प्रभावी कार्य किया है । केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में देश को 31 मार्च 2026 तक नक्सल हिंसा से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है । इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये प्रभावी रणनीति बनाई गई है । इसके अनुरूप लगातार कार्यवाही की जा रही है । naxalwad Chhattisgarh में अब अंतिम सांसे ले रहा है । मेरी सरकार की कुशल रणनीति, जवानों के हौसले और आम जनता के संकल्प के बूते area domination की सतत कार्यवाही की जा रही है । चौदह महीने की अवधि में 300 से अधिक naxali मार गिराये गये । 972 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं और 1183 नक्सली गिरफ्तार किये गये हैं । आत्मसमर्पित naxalio तथा naxal पीड़ित परिवारों के लिये पुनर्वास नीति के तहत 15 thousand प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किये गये हैं ।

48. naxal violence प्रभावित 26 गावों में पहली बार ध्वजारोहण तथा यहां त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन में Sukma जिले के Pentachimli, Keralapenda, Duled, Sunnam Guda और Puvarti जैसे गांवों में पहली बार मतदान हुआ । Sukma जिले के Chintaguffa स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज की इतनी बढ़िया सुविधा मिल रही है कि इसे केन्द्र सरकार से राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र मिला है, वहीं 19 साल बाद Dantewada जिले के potali गांव में पुन: स्वास्थ्य केन्द्र आरंभ किया गया है ।

49. सुरक्षा के इस नये वातावरण में Bastar में तेजी से विकास का उजाला फैल रहा है । बस्तर में नक्सलवाद प्रभावित इलाकों में Niad Nella Naar योजना आरंभ की गई । इसके माध्यम से सुरक्षा कैंपों के निकटवर्ती पांच kilometer के दायरे में आने वाले गांवों में 17 विभागों की 52 beneficiary oriented योजना एवं 31 सामुदायिक सुविधाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है । पीएम जनमन योजना के तहत राज्य के 18 जिलों के 2121 ग्रामों की 2 thousand 160 बसाहटों में 59 thousand 758 विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के परिवारों को लाभान्वित किया गया है । प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत देश

में 4781 kilometer लंबाई की सड़कें स्वीकृत की गई है (मेजों की थपथपाहट) जिनमें 2 thousand 449 kilometer की सड़कें अकेले Chhattisgarh में ही है । (मेजों की थपथपाहट) धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत राज्य के 32 जिलों के 6 thousand 691 अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों को लाभान्वित किया जा रहा है।

50. Bastar शांति की ओर लौटने का उत्सव मना रहा है । मेरी सरकार ने लोगों में उत्साह भरने और खेल प्रतिभाओं को निखारने Bastar Olympics का आयोजन किया। (मेजों की थपथपाहट) इन खेलों में 1 lakh 65 thousand लोगों ने हिस्सा लिया । इसमें बड़ी संख्या में माओवादी आतंकवाद से प्रभावित परिवारों के लोग, surrendered माओवादी और माओवादी हिंसा में divyaang हो चुके लोग भी शामिल रहे । (मेजों की थपथपाहट)

51. मेरी सरकार यह मानती है कि खेलों के माध्यम से आम जनता में उत्साह का संचार होता है । इसके लिए हम खेल infrastructure को लगातार बढ़ावा दे रहे हैं । प्रदेश में 07 जिलों में खेलो India के नये Center आरंभ किए गए हैं । मेरी सरकार ने पूर्व वर्षों के लंबित खेल अलंकरण सम्मान भी खिलाड़ियों को प्रदान किए हैं । (मेजों की थपथपाहट) Bastar Olympics खेलों के सफल आयोजन के पश्चात् मेरी सरकार Abujhmad Peace Half Marathon का आयोजन Narayanpur जिले में करने जा रही है (मेजों की थपथपाहट)

52. मेरी सरकार transparency की राह पर चलती है । digital governance को सभी विभागीय कार्यों में अपनाया गया है । files के movement के लिए e-office प्रणाली अपनाई गई है । इससे लालफीताशाही से मुक्ति मिलेगी । Atal Monitoring Portal के माध्यम से flagship योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर सतत् नजर रखी जा रही है ।

53. Chhattisgarh देश का तेजी से उभरता हुआ राज्य है । मेरी सरकार प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों में ले जाने का कार्य कर रही है । (मेजों की थपथपाहट) सरकार की आर्थिक नीतियों से राज्य का gross domestic product तेजी से बढ़ रहा है ।

54. मेरी सरकार का वित्तीय प्रबंधन अच्छा है । भारत सरकार राज्यों को बेहतर काम के लिए incentive देती है । इससे Chhattisgarh को 4 हजार 400 crore रूपए मिले हैं । जिसे मेरी सरकार infrastructure पर व्यय करेगी । (मेजों की थपथपाहट)

55. Chhattisgarh की भूमि श्री रामलला का ननिहाल भी है और कर्मक्षेत्र भी है। प्रभु श्रीराम से उनके भक्तों के मिलन का माध्यम बनने का सौभाग्य मेरी सरकार को भी प्राप्त हो रहा है । मेरी सरकार ने 'Shri Ramlala Ayodhya Dham Darshan yojana' के माध्यम से अब तक 20 thousand से अधिक श्रद्धालुओं को Ayodhya Dham और Kashi Vishwanath की तीर्थ यात्रा कराई है । (मेजों की थपथपाहट)

56. Prayagraj में 144 वर्षों बाद महाकुंभ का आयोजन हो रहा है । यहां Chhattisgarh के तीर्थयात्रियों को पर्याप्त सुविधा मिल सके, इसके लिए मेरी सरकार ने साढ़े चार acre में Chhattisgarh Pavilion तैयार किया और यहां श्रद्धालुओं के रूकने और खान-पान की अच्छी सुविधा प्रदान की । मेरी सरकार ने Rajim Kumbh kalp का वैभव पुन: लौटाया है । (मेजों की थपथपाहट)

57. अभी Rajim Kumbh kalp का सुन्दर आयोजन भी त्रिवेणी स्थल पर हो रहा है । यहां संत-समागम के माध्यम से भक्ति भाव की धारा प्रवाहित हो रही है ।

58. हमारे प्रदेश की जनजातीय संस्कृति विलक्षण है । मेरी सरकार इसे सहेजने के लिए Purkhauti Muktangan में जनजातीय संस्कृति पर केन्द्रित Chhattisgarh राजकीय मानव संग्रहालय, Baba Guru Ghasidas पर केंद्रित संग्रहालय एवं शोध पीठ, भारत भवन, Kabir शोध संस्थान, Toy Museum एवं राज्य अभिलेखागार बना रही है ।

59. विकसित Chhattisgarh के संकल्प को पूरा करने हम सबको कड़ी मेहनत करना है । आप सभी के प्रयासों से निश्चित ही यह लक्ष्य पूरा होगा ।

जय हिन्द, जय छत्तीसगढ़. (मेजों की थपथपाहट)

श्री भूपेश बघेल :- पूरे मंत्रिमण्डल ने माननीय राज्यपाल महोदय से पूरा असत्य कथन करवाया है, किसी गरीब को 10 हजार नहीं मिले ।

**(राष्ट्रगान जन-गण-मन की धुन बजाई गई)**

**(माननीय राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया)**

(11.40 से 11.47 बजे तक कार्यवाही स्थगित रही)

समय :
11.47 बजे

**(अध्यक्ष महोदय (डॉ.रमन सिंह) पीठासीन हुए)**

**अध्यक्षीय दीर्घा में अतिथि**

**श्री गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा एवं छत्तीसगढ़ नगरीय निकायों से नवनिर्वाचित महापौर**

अध्यक्ष महोदय :- मुझे सभा को यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारे विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल जी और छत्तीसगढ़ के जीते हुए 8 महापौर यहॉं उपस्थित हैं। मैं उनका स्वागत करता हूं। (मेजों की थपथपाहट)

समय:
11.48 बजे **मानानीय राज्यपाल के अभिभाषण की प्रति पटल पर रखी जाना**

अध्यक्ष महोदय :- माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा सभा में जो अभिभाषण दिया गया, सचिव विधान सभा उसकी प्रति सभा पटल पर रखेंगे।

सचिव, विधान सभा (श्री दिनेश शर्मा) :- मैं माननीय अध्यक्ष महोदय के आदेश के अनुसरण में माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा सभा में दिए गए अभिभाषण की प्रति सभा पटल पर रखता हूं।

समय:
11.48 बजे **माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव**

श्री धरम लाल कौशिक (बिल्हा) :- माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि माननीय राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यंत कृतज्ञ हैं।

श्री किरण देव (जगदलपुर) :- अध्यक्ष महोदय, मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

अध्यक्ष महोदय :- प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए मैं गुरुवार, दिनांक 27 फरवरी, 2025 तथा शुक्रवार, दिनांक 28 फरवरी, 2025 की तिथि निर्धारित करता हूं। जो माननीय सदस्य कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन देना चाहते हैं, वे मंगलवार, दिनांक 25 फरवरी, 2025 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दे सकते हैं।

कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन देने हेतु प्रपत्र की सूचना कार्यालय में उपलब्ध है।

समय:
11.49 बजे **वित्तीय वर्ष 2024-2025 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन**

वित्त मंत्री (श्री ओ.पी.चौधरी) :- माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं, राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2024-2025 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन करता हूं।

अध्यक्ष महोदय :- मैं अनुपूरक अनुमान की मांगों पर चर्चा और मतदान के लिए मंगलवार, दिनांक 25 फरवरी, 2025 की तिथि निर्धारित करता हूं।

समय :

11.50 बजे

## कार्य मंत्रणा समिति का प्रतिवेदन

अध्यक्ष महोदय :- कार्य मंत्रणा समिति की बैठक सोमवार, दिनांक 24 फरवरी, 2025 में लिये गये निर्णयानुसार वित्तीय और विधायी कार्यों पर चर्चा के लिए समय निर्धारित करने की सिफारिश की गई है, जो निम्न प्रकार है :-

| | वित्तीय कार्य | समय |
|---|---|---|
| (1) | वित्तीय वर्ष 2024-25 के तृतीय अनुपूरक अनुमान की अनुदान मांगों पर चर्चा, मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुर:स्थापन, विचार एवं पारण (पुर:स्थापन सोमवार, दिनांक 24 फरवरी, 2025 एवं चर्चा/पारण 25 फरवरी, 2025) | 3 घंटे |
| (2) | वित्तीय वर्ष 2025-2026 के आय-व्ययक का उपस्थापन (सोमवार, दिनांक 03 मार्च,2025) समय मध्यान्ह् 12.30 बजे तक किया जायेगा। | |
| (3) | वित्तीय वर्ष 2025-2026 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा (मंगलवार, दिनांक 04 मार्च, 2025 एवं बुधवार, दिनांक 05 मार्च, 2025) | |
| (4) | वित्तीय वर्ष 2025-2026 के आय-व्ययक में सम्मिलित विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा गुरूवार दिनांक 06 मार्च, 2025 से बुधवार दिनांक 19 मार्च, 2025 को अपराह्न 4.00 बजे तक. | |
| (5) | गुरूवार, दिनांक 20 मार्च, 2025 को वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय व्ययक की अनुदान मांगों पर संबंधित विभाग के विनियोग विधेयक पर विचार किया जायेगा। | |

(6) वित्तीय वर्ष 2025-2026 के आय-व्ययक के संबंध में मंत्रियों की मांगों के अनुदान मांगों पर विभागवार चर्चा हेतु समय का निर्धारण -

| | |
|---|---|
| श्री विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री | 3 घंटे |
| श्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री | 2 घंटे, 30 मिनट |
| श्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री | 2 घंटे, 30 मिनट |
| श्री केदार कश्यप, संसदीय कार्य मंत्री | 2 घंटे |

| | |
|---|---|
| श्री रामविचार नेताम, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री | 2 घंटे |
| श्री दयाल दास बघेल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री | 2 घंटे |
| श्री लखनलाल देवांगन, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री | 2 घंटे |
| श्री श्याम बिहारी जायसवाल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री | 2 घंटे |
| श्री ओ.पी.चौधरी, वित्त मंत्री | 2 घंटे |
| श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, महिला एवं बाल विकास मंत्री | 2 घंटे |
| श्री टंक राम वर्मा, राजस्व मंत्री | 2 घंटे |

**शासकीय विधि विषयक कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | छत्तीसगढ़ पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2025 | 30 मिनट |

पर चर्चा हेतु का समय निर्धारित किया गया है।

समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि गुरूवार, दिनांक, 6 मार्च, 2025 से गुरूवार दिनांक 20 मार्च, 2025 तक भोजन अवकाश नहीं होगा। इसके संबंध में श्री केदार कश्यप, संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव रखेंगे।

संसदीय कार्य मंत्री (श्री केदार कश्यप) :- अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि सदन कार्य मंत्रणा समिति के प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों को स्वीकृति देता है।

अध्यक्ष महोदय :- प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

प्रश्न यह है कि सदन कार्य मंत्रणा समिति के प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों को स्वीकृति देता है।

**प्रस्ताव पारित हुआ।**

## सदन को सूचना

## (1) प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति सरोवर, रिट्रीट सेंटर, विधान सभा मार्ग, सड्डू, रायपुर द्वारा "ब्रह्मा भोजन" का आयोजन

अध्यक्ष महोदय :- आज दिनांक 24 फरवरी, 2025 को दोपहर 12.00 बजे के पश्चात प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शांति सरोवर, रिट्रीट सेंटर, विधान सभा मार्ग, सड्डू, रायपुर द्वारा **"ब्रह्मा भोजन"** की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर सभा के समस्त सदस्यों को आमंत्रित किया गया है तथा आमंत्रण पत्र भी सभी के खानेदार आलमारी में वितरित किया गया है।



अशोधित/प्रकाशन के लिये नहीं

आप समस्त से अनुरोध है कि प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ब्रम्हा भोजन में सम्मिलित हो।

## (2) नया रायपुर स्थित निर्माणाधीन नवीन विधान सभा भवन के निर्माण कार्य की प्रगति का भौतिक अवलोकन

अध्यक्ष महोदय :- नया रायपुर स्थित निर्माणाधीन नवीन विधान सभा भवन के निर्माण कार्य की प्रगति का भौतिक अवलोकन करने हेतु भी आप सादर आमंत्रित हैं। माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि नवीन विधान सभा भवन के अवलोकन हेतु विधान सभा द्वारा बस की व्यवस्था की गई है। जो माननीय सदस्य बस में जाना चाहते हैं, वह बस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। धन्यवाद्।

अध्यक्ष महोदय :- सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 25 फरवरी, 2025 को 11.00 बजे दिन तक के लिए स्थगित।

**(11 बजकर 55 मिनट पर विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 25 फरवरी, 2025 (फाल्गुन 6, शक संवत् 1946) को 11.00 बजे दिन तक के लिए स्थगित की गई)**

**दिनेश शर्मा**
**सचिव**
**छत्तीसगढ़ विधान सभा**

दिनांक : 24 फरवरी, 2025
रायपुर (छत्तीसगढ़)

अशोधित/प्रकाशन के लिए नहीं